प्रेषक,

आर. के. वर्मा,
सचिव,
उत्तरांचल शासन ।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तरांचल बहुउद्देशीय वित्त एवं
विकास निगम लि.
देहरादून ।

समाज कल्याण अनुभाग : देहरादून : दिनांक 06 अप्रैल, 2002

विषय:- उत्तरांचल में बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लि. के संरचनात्मक ढाँचे का गठन ।

महोदय,

प्रदेश के गठन के पश्चात उत्तरांचल में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक, विकलांग कल्याण, महिला कल्याण एवं सैनिक कल्याण के शैक्षिक एवं आर्थिक विकास की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु उत्तरांचल बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लि. का गठन हो चुका है । अतएव अधोवर्णित निगम की संरचना को 24 पदों, पृष्ठ-2 के विवरणानुसार दिनांक 28.2.2003 तक के लिए श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

2- निदेशक(आई. ए. एस. संवर्ग), समाज कल्याण निदेशालय ही पदेन प्रबन्ध निदेशक, उत्तरांचल बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लि. के विभागाध्यक्ष होंगे जिनका जनपदीय अधिकारियों/कर्मचारियों पर विभागाध्यक्ष का सीधा नियंत्रण होगा ।

3- उत्तरांचल बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लि. के माध्यम से संचालित योजनाओ सम्बन्धी बजट के आहरण वितरण हेतु प्रबन्ध निदेशक, उत्तरांचल बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लि. देहरादून ही आहरण वितरण अधिकारी होगा ।

4- उत्तरांचल बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लि. का मुख्यालय देहरादून में होगा तथा प्रत्येक जनपद में इसका एक-एक कार्यालय होगा । जनपदीय कार्यालयों से सम्बन्धित जनपद का जिला समाज कल्याण अधिकारी ही निगम का पदेन जिला प्रबन्धक होगा ।

5- जनपद स्तर पर अब सभी कार्यक्रमों का दायित्व जिला प्रबन्धक का होगा

.... 2/.......

-तथा बैंक से निगम के लेन-देन के प्रत्येक मामले में सहायक प्रबन्धक एवं जिला प्रबंधक के संयुक्त हस्ताक्षर होंगे । इसके लिए दोनों संयुक्त रूप से उत्तरदायी होंगे ।

6.1- उत्तरांचल बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लि. का संरचनात्मक ढाँचा प्रदेश मुख्यालय स्तर पर विभागाध्यक्ष के अतिरिक्त एक महाप्रबन्धक, एक उप महाप्रबन्धक(प्रशासन)तथा एक उप महा प्रबन्धक(कार्यक्रम, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण) के पद रहेंगे ।

6.2- प्रस्तर-6.1. में उल्लिखित महा प्रबन्धक का पद जिला समाज कल्याण अधिकारी की पदोन्नति से एवं उप महाप्रबन्धकों के पद सहायक प्रबन्धकों की पदोन्नति से, वरिष्ठता एवं श्रेष्ठता के आधार पर भरे जायेंगे ।

6.3- प्रस्तर-6.1 में उल्लिखित पदों के अतिरिक्त मुख्यालय स्तर पर 02 पद लेखाकार, 01 पद वैयक्तिक सहायक सह कन्सोल ऑपरेटर, 01 पद आशुलिपिक सह कन्सोल ऑपरेटर, 02 पद वरिष्ठ लिपिक सह कन्सोल ऑपरेटर, 04 पद कनिष्ठ लिपिक सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, 01 पद स्टोर कीपर सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर 04 पद चालक एवं 05 पद चतुर्थ श्रेणी के स्वीकृत किये जाते हैं ।

7- अतः उत्तरांचल बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लि. के प्रदेश मुख्यालय स्तर पर निम्नानुसार पद रहेंगे :-

मुख्यालय स्तर:-

क्र.सं.	पद का नाम	वेतनमान	स्वीकृत पदों की संख्या	पद स्थापना
1-	प्रबन्ध निदेशक	आई.ए.एस. संवर्ग	01	विभागाध्यक्ष निदेशक समाज कल्याण ही निगम के पदेन प्रबन्ध निदेशक होंगे ।
2-	महाप्रबन्धक	10000-15200	01	प्रदेश मुख्यालय स्तर प
3-	उप महाप्रबन्धक(प्रशासन)	8000-13500	01	------ तदैव ------
4-	उप महाप्रबन्धक(का.मू.अ.)	8000-13500	01	------ तदैव ------
5-	लेखाकार	5000-8000	02	------ तदैव ------
6-	वैयक्तिक सहायक सह कन्सोल ऑप०	5000-8000	01	------ तदैव ------
7-	आशुलिपिक सह कन्सोल ऑपरेटर	5000-8000	01	------ तदैव ------
8-	वरिष्ठ लिपिक सह कन्सोल ऑप०	4000-6000	02	------ तदैव ------
9-	कनिष्ठ लिपिक सह डाटा इन्ट्री ऑ.	3050-4590	04	------ तदैव ------
10-	स्टोर कीपर सह डाटा इन्ट्री ऑ.	3050-4590	01	------ तदैव ------
11-	चालक	3050-4590	04	------ तदैव ------
12-	चतुर्थ श्रेणी	2550-3200	05	------ तदैव ------
	योग मुख्यालय स्तर -		24	

यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-827/वि0अनु0-2/2002 दिनांक 20.3.2002 में प्रदत्त उनकी सहमति से निर्गत किया जा रहा है ।

भवदीय,

(आर. के. वर्मा)
सचिव ।

पृष्ठांकन सं0- 288(1)/कल्याण/2001 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- महालेखाकार, उत्तरांचल, सत्यनिष्ठ भवन इलाहाबाद ।
2- सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तरांचल ।
3- सचिव, मा. मुख्यमंत्री, उत्तरांचल ।
4- निजी सचिव, मा. मंत्री समाज कल्याण उत्तरांचल को मा. मंत्री जी के अवलोकनार्थ ।
5- समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन ।
6- आयुक्त, गढ़वाल मण्डल एवं कुमायूँ मण्डल, पौड़ी गढ़वाल/नैनीताल ।
7- निदेशक, समाज कल्याण, उत्तरांचल, देहरादून ।
8- निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें, उत्तरांचल, देहरादून ।
9- समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल ।
10- समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तरांचल ।
11- समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तरांचल/पदेन जिला प्रबन्धक उत्तरांचल बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लि.
12- सचिवालय के समस्त अनुभाग ।
13- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(कुंवर सिंह)
अपर सचिव ।